Serial Number ↓

07289936

E-801	Roll No. .....
Higher Secondary Examination (Regular) - 2020	
हिन्दी (विशिष्ट) **HINDI (Special)**	
Total Questions : **28**	Total Printed Pages : **8**
Time : **3** Hours	Maximum Marks : **100**

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक **1 से 5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये **5 अंक** आवंटित हैं। उपप्रश्न पर **1** अंक आवंटित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक **6 से 16** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **2-2** अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग **30 शब्दों** में लिखिए।

(iv) प्रश्न क्रमांक **17 से 19** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **3-3** अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग **30 से 75 शब्दों** में लिखिए।

(v) प्रश्न क्रमांक **20 से 25** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **4-4** अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग **120 शब्दों** में लिखिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक **26 तथा 27** के लिए **5–5 अंक** आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग **150 शब्दों** में लिखिए।

(vii) प्रश्न क्रमांक **28** के लिए **10 अंक [7+3]** आवंटित हैं। शब्द सीमा लगभग **250 शब्द** है।

1 सही विकल्प चुनिये : 1×5=5

(i) छायावाद की कवयित्री हैं –

(अ) मीरां बाई (ब) महादेवी वर्मा

(स) सुभद्रा कुमारी चौहान (द) शिवानी

(ii) ज्ञानमार्गी शाखा के कवि हैं –

(अ) कबीरदास (ब) बिहारी

(स) तुलसीदास (द) सूरदास

(iii) विश्वास में विष घोलने का काम किसने किया ?

(अ) रत्नाकर (ब) सुजान

(स) गुआन (द) राधा

(iv) लोकगीत कजली है –

(अ) शादी गीत (ब) बसंत गीत

(स) सावन गीत (द) देवी गीत

(v) तात्या टोपे को रखा गया था –

(अ) मथुरा के जंगल में (ब) पाड़ोन के जंगल में

(स) काशी में (द) वृन्दाबन में

2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×5=5

(अ) जयशंकर प्रसाद _____ के प्रमुख कवि थे । (रुढ़िवाद / छायावाद)

(ब) बलदाऊ _____ को चिढ़ाकर परेशान करते थे । (श्रीकृष्ण / सुदामा)

(स) नैनो टेक्नोलॉजी का उपयोग _____ में होता है ।

(खाना बनाने / जल शोधन)

(द) रचना के आधार पर वाक्य _____ प्रकार के होते हैं । (तीन / आठ)

(इ) प्रताप के संपादक _____ थे । (भगतसिंह / गणेश शंकर विद्यार्थी)

3 सत्य / असत्य का चयन कीजिए : 1×5=5

(1) काला अक्षर भैंस बराबर का अर्थ साक्षर होता है ।

(2) जीवनी सत्य घटनाओं पर आधारित होती है ।

(3) रस के दस अंग होते हैं ।

(4) गोपियों के मन में बलदाऊ बसे थे ।

(5) काला रंग अशुभ का प्रतीक है ।

4 सही जोड़ी बनाइए : 1×5=5

(अ) सभी विपत्तियों को हरते हैं	(i) नये मेहमान
(ब) व्यंग्य की प्रधानता	(ii) देवकी
(स) मध्यम वर्गीय परिवार की समस्या	(iii) गणेश जी
(द) कंस की बहन	(iv) महात्मा गांधी
(इ) गाय करुणा की कहानी है	(v) मीरां बाई
	(vi) नई कविता

5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए : 1×5=5

(अ) मथुरा से योग सिखाने कौन आया था ?

(ब) भय किन दो रूपों में हमारे सामने आता है ?

(स) जहाँ किसी व्यक्ति या वस्तु लक्ष्य में रखकर अन्य के लिए बात कही जाए, वहाँ कौन सा अलंकार होता है ?

(द) प्रयोगवाद का प्रारंभ कब हुआ ?

(इ) बसंत कौन सा भाव लेकर आता है ?

6 मीरां कैसा वेश रखना चाहती थीं ? 2

अथवा

कृष्ण ने दही का दोना कहाँ छिपा लिया ?

7 चातक को घातक क्यों कहा गया है ? 2

अथवा

मिट्टी कुम्हार को क्या सीख देती है ?

8 खग कुल–कुल सा क्यों बोलने लगा है ? 2

अथवा

क्षणिक आतंक से क्या तात्पर्य है ?

9 केवट के अनुसार पगधूरि का क्या प्रभाव है ? 2

अथवा

फूल और मालिन दोनों कब मुरझा जायेंगे ?

10 बसंत के आगमन पर प्रकृति में क्या–क्या परिवर्तन होते हैं ? 2

अथवा

साँझ सकारे भारत माता की आरती कौन करता है ?

11 किस भय के कारण व्यापारी व्यवसाय में हाथ नहीं डालते ? 2

अथवा

गजाधर बाबू के लिए मधुर संगीत क्या था ?

12 रेवती अपने घर को जेल खाना क्यों कहती है ? 2

अथवा

रेडीमेड अध्यक्ष किसे कहा जाता है ?

0728936 0728936 0728936 0728936

13 तात्या मानसिंह के संरक्षण में क्यों गये ? 2

अथवा

"मुझसे बड़ा तो मेरा नाम है" लेखक ने ऐसा क्यों कहा ?

14 उत्तराखंड के चारों धाम किन चार पवित्र नदियों के किनारे स्थित हैं ? 2

अथवा

ग्वाले ने गाय को सुई क्यों और कैसे खिला दी ?

15 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 2

(i) सरोवर के अंदर पानी भरा है ।

(ii) कश्मीर की सौन्दर्यता मनमोहक है ।

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) अधजल गगरी छलकत जाए

(ii) आँखों पर पट्टी बाँधना

16 रौद्र रस की परिभाषा लिखिए तथा एक उदाहरण लिखिए । 2

अथवा

छन्द की परिभाषा लिखिए । छन्द के प्रकार लिखिए ।

17 गणेश शंकर विद्यार्थी के व्यक्तित्व की तीन विशेषताएँ लिखिए । 3

अथवा

माँ ने राम कुमार वर्मा को पढ़ाई के संबंध में क्या निर्देश दिये थे ?

18 भाव विस्तार कीजिए – 3

धर्म पार्थक्य नहीं, एकता का द्योतक है ।

अथवा

राष्ट्र भाषा किसे कहते हैं ? राष्ट्र भाषा की दो विशेषताएँ लिखिए ।

19 श्लेष अलंकार की परिभाषा दीजिए । उदाहरण लिखिए । 3

अथवा

विभावना तथा विशेषोक्ति अलंकार में अंतर बताइए ।

20 प्रगतिवाद की दो विशेषताएँ बताते हुए दो प्रमुख कवियों के नाम तथा एक–एक रचना के नाम लिखिए । 4

अथवा

छायावाद और रहस्यवाद में क्या अंतर है ?

21 रेखाचित्र और संस्मरण में चार अंतर लिखिए । 4

अथवा

नाटक और एकांकी में चार अंतर लिखिए ।

22 तुलसीदास अथवा जयशंकर प्रसाद का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : 4

(अ) दो रचनाएँ

(ब) भावपक्ष – कलापक्ष

(स) साहित्य में स्थान

23 आचार्य रामचन्द्र शुक्ल अथवा शरद जोशी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : 4

(अ) दो रचनाएँ

(ब) भाषा शैली

(स) साहित्य में स्थान

4 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 4

माटी कहै कुम्हार से, क्या तू रौंदे मोहि ।
एक दिन ऐसा होयगा, मैं रौदूंगी तोहि ॥
यह तन काँचा कुंभ है, लिये फिरै थे साथ ।
टचका लागा फूटि गया, कछु न आया हाथ ॥

अथवा

कौन कहता है कि तुमको खा सकेगा काल ?
अरे ? तुम हो काल के भी काल अति विकराल ?
काल का तव धनुष, दिक् की धनुष की डोर,
धनु–विकम्पन से सिहरती सृजन नाश हिलोर ।

25 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 4

असल प्रकाश तो हमारे जीवन में छिपा है – सृजन का प्रकाश ! आदमी का आचरण, आदमी का शील, आदमी का श्रम, आदमी का विवेक और आदमी की भावना जिसे छू लें वह प्रकाशित हो जाए । बड़े–बड़े अंधेरों को तराश कर ये प्रकाश निर्झर बहा दें । जवारों और पीताभ गेहूँ के पौधे क्या यह संदेश नहीं देते कि सृजन की यात्रा कभी रुकती नहीं ?

अथवा

"यह संसार क्षणभंगुर है । इसमें दुःख क्या और सुख क्या ? जो जिसने बनाया है वह उसी में लय हो जाता है – इसमें शोक और उद्वेग की क्या बात है ? यह संसार जल का बुद–बुदा है, फुट कर किसी रोज यह जल में ही मिल जायेगा । फूट जाने में ही बुद–बुदे की सार्थकता है । जो यह नहीं समझते वे दया के पात्र हैं । री भूखी लड़की तू समझ । सब ब्रह्माण्ड ब्रह्म का है और उसी में लीन हो जायेगा । इससे तू किस लिए व्यर्थ व्यथा सह रही है ?"

26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये : 1+2+2=5

कर्मठता लय की निश्चितता, उत्कृष्ट अभिलाषा एवं सतत् प्रयत्न के समन्वित स्वरूप का नाम है । कोरा श्रमसाध्य नहीं । यह तो बालकों की खेल और पशुओं की दौड़ में भी होता है । सही श्रम तो वही है जो कुछ ठोस परिणाम देता है । मेरी दृष्टि में यही है । जिस देश में कर्मठता का जितना प्रतिशत होता है । वह देश तद्नुकुल ही प्रगति अथवा अवन्नति करता है । अतः शिक्षण का सही उद्देश्य देश में ऐसे कर्मठ जनों का निर्माण एवं उत्तरोत्तर उसका प्रतिशत बढ़ाना है ।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

(ब) सही श्रम क्या है ?

(स) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए ।

27 सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल को अंग्रेजी विषय की उत्तर–पुस्तिकाओं के पुनर्गणना हेतु आवेदन पत्र लिखिए । 2+2+1=5

अथवा

अपने मित्र को हायर सेकेण्डरी परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर बधाई पत्र लिखिए ।

28 (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए : 7

(i) समाचार पत्र की उपयोगिता

(ii) आतंकवाद

(iii) महँगाई की समस्या

(iv) विज्ञान और मानव जीवन

(ब) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय की रूपरेखा लिखिए : 3

(i) दहेज प्रथा

(ii) लोकतंत्र का महत्व

(iii) स्वच्छ भारत अभियान

(iv) जल ही जीवन है।